गायत्री विद्यापीठ में स्वतंत्रता... पृष्ठ 2 | हड़ताल से मेडिकल कॉलेज... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 18 अगस्त 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 306, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## दिव्य कला मेला दिव्यांगजन आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम : मुख्यमंत्री

### केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने रायपुर में दिव्यांगजन पार्क निर्माण की घोषणा की



**रायपुर।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में 17वें ज्दिव्य कला मेलाज् का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने रायपुर में जमीन मिलने पर दिव्यांगजन पार्क निर्माण कराने की घोषणा की, जिस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर में इस पार्क के निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा की। रायपुर में च्दिव्य कला मेलाच्च् 16 अगस्त 2024 से 23 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्य कला मेला, दिव्यांग भाई-बहनों के अद्वितीय कौशल और उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने की है। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि देश के सर्वांगीण विकास में दिव्यांगजनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सके। प्रधानमंत्री मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का सपना तब ही पूर्ण हो पाएगा, जब हमारे दिव्यांग भाई-बहन आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में संचालित राज्य संसाधन केंद्र (सीआरसी) के नए भवन बनने के बाद वहां दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी ज्दिव्य कला मेलाज् का आयोजन किया जाएगा। इनके स्थान का निर्धारण मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मेले में लगभग 60 स्टॉल लगाए गए हैं। यहां आने वाले अन्य राज्यों के व्यंजनों का रसास्वादन कर सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को पहले अनेक नामों से संबोधित किया जाता था, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दिव्यांगजन का नाम दिया। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों की 7 श्रेणियों को बढ़ाकर 21 श्रेणियां की गई है। शासकीय नौकरी में आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया है। शासकीय विद्यालयों और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश के लिए आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया है। दिव्यांगजनों के लिए सुगम भारत अभियान के तहत शासकीय भवनों, रेल्वे स्टेशनों, एयरपोर्ट में रैम्प तथा अलग शौचालय बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने 16 से 22 अगस्त तक रायपुर में आयोजित दिव्य कला मेला को 23 अगस्त तक आयोजित करने की घोषणा की।



उन्होंने कहा कि इस मेले में दिव्यांगजन उद्यमियों और कलाकारों आने-जाने, ठहरने और स्टॉल उपलब्ध कराने की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम द्वारा दिव्यांगजनों को व्यवसाय हेतु रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग भी प्रदान किए जाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 75 दिव्यांग विद्यार्थियों को नेशनल ओव्हरसीज स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इस वर्ष इसके लिए अब तक 25 आवेदन प्राप्त हुए है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि दिव्य कला मेला ने दिव्यांगजन की रचनात्मकता, कौशल, और सृजनशीलता को एक मंच प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने उत्पादों को देश-विदेश में प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने कहा कि दिव्य कला मेला के पिछले सफल आयोजनों ने न सिर्फ दिव्यांगजन की भागीदारी को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को भी सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री

## माँ पाताल भैरवी प्रांगण में स्थापित एशिया के सबसे ऊंचे 120 फीट शिवलिंग का महाअभिषेक किया गया



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** सावन के पवित्र माह में शहर के माँ पाताल भैरवी प्रांगण में स्थापित एशिया के सबसे ऊंचे 120 फ़ीट शिवलिंग का महाअभिषेक किया गया। इस विशालकाय शिवलिंग के अभिषेक के लिए भिलाई से 500 फ़ीट ऊंचाई तक जाने वाली क्रेन बुलवाई गई। जो कलश को क्रेन की सहायता से शिवलिंग के सबसे ऊपरी सतह तक पहुंचाकर महाअभिषेक कर सके। शाम 6 बजे से शुरू हुए इस महाअभिषेक में पहले ढाई हजार लीटर पानी से महा अभिषेक किया गया, फिर 6 हजार लीटर दूध से अभिषेक किया गया,इस विशालकाय शिवलिंग पर पुष्प से भी अभिषेक किया गया, अंत मे शिवलिंग पर लेजर लाइटिंग के माध्य से शिव की आकृति बनाई गई, और लेजर शो किया गया। आयोजनकर्ता द्वारा डीजे साउंड सिस्टम की व्यवस्था की गई थी, जो पूरे आयोजन के दौरान शिव के भक्तिमय गीतों के अभिषेक के दौरान बजते रहा, शिव के भक्ति गीतों पर शिव भक्त थिरकते नजर आए। शाम 6 बजे से देर रात तक आरंभ शिवलिंग के महाअभिषेक में बच्चे, बूढ़े,महिला,पुरूष सहित हजारों की संख्या में लोग इस आयोजन के साक्षी बने। यह आयोजन राजनांदगाँव संस्कारधानी नगरी में माँ पाताल भैरवी प्रांगण में एशिया के सबसे बडे शिवलिंग का दूसरी बार महाअभिषेक किया गया।

## श्रीसुदर्शन संस्थानम में आवश्यक बैठक आज

<u>अरविन्द तिवारी</u>

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगदुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाभाग द्वारा संस्थापक पीठ परिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी के प्रांतीय कार्यालय श्रीसुदर्शन संस्थानम रावाभांठा में आज शाम चार बजे प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की अतिआवश्यक बैठक रखी गई है। ?इस बैठक में हरितालिका तीज त्यौहार पर आयोजित भव्य कार्यक्रम की रुपरेखा भी बनाई जायेगी। प्रांतीय कार्यालय ने धर्म संघ - पीठ परिषद् , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस आवश्यक बैठक में शामिल होने की अपील की है। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।




## गौवंश के न्याय के लिए कांग्रेस ने किया सत्याग्रह

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के आदेश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 16 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी रमेश खंडेलवार , नरेश शुक्ला और ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू की अगुवाई में गौ सत्याग्रह के लिए कांग्रेसी सड़क में भटकते हुए मवेशियों के साथ एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे गौ वंश की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए गौ धन योजना लागू करने की मांग के लिए कांग्रेसियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया।



**सड़को पर घूमते मवेशियों को एस डी एम कार्यालय में कराया प्रवेश**

कांग्रेस के इस आयोजन की सूचना लगते ही पहले ही एस डी एम कार्यालय के गेट पर ताला लगा दिया गया था और पुलिस बल की तैनाती की गई थी किंतु कांग्रेसी पुलिस बल के सामने अपने साथ मवेशियों को कार्यालय में प्रवेश कराने में सफल रहे प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला ने विधायक दलेश्वर साहू के कुशल रणनीति व मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम को सफल बताया इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी के सभी विंग के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमे मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद,जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू,ललित लोढ़ा,सुयश नाहटा, विरेंद्र बोरकर,गणेश साहू,रेवाराम साहू,संजय मुटकूरे,वारेन साहूसहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए थे।

## निर्भया की मां का पहला रिएक्शन, बोलीं- सीएम ममता बनर्जी हालात संभालने में फेल, इस्तीफा दें

**नई दिल्ली/बलिया.** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्थित क्रत्र ्यड्डह्म् मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई. इस कांड को लेकर देशभर में लोग आक्रोशित हैं. देशभर के डॉक्टर्स वीभत्स घटना को लेकर आंदोलित हैं और वे स्ट्राइक कर रहे हैं. अब इस नृशंस रेप और हत्याकांड मामले में निर्भया की मां आशा देवी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हालात को संभालने में फेल रही हैं, लिहाजा उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए. बता दें कि साल 2012 में देश की राजधानी दिल्ली में निर्भया के साथ गैंगरेप करने के बाद उनकी हत्या कर दी गई थी. इस घटना के खिलाफदेशभर में उग्र विरोध-प्रदर्शन हुए थे. लोगों के आक्रोश को देखते हुए सरकार को महिला सुरक्षा को लेकर कठोर कानून बनाने पड़े थे. पश्चिम बंगाल में एक ट्रेनी डॉक्टर की कथित बलात्कार के बाद उनकी हत्या कर दी गई. इसके खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं. इन सबके बीच साल 2012 के दिल्ली गैंगरेप मामले की पीड़िता निर्भया की मां आशा देवी ने शनिवार को



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि वह स्थिति को संभालने में फेन रही हैं. आशा देवी ने न्यूज एजेंसी क्क्ञ्जढ्ढ से बात करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने के लिए अपने पावर का इस्तेमाल करने के बजाय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विरोध-प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही हैं. बता दें कि 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई. घटना सामने आने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में डॉक्टर सड़कों पर उतर कर न्याय की मांग कर रहे हैं. निर्भया की मां आशा देवी ने सीएम ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा, च्ममता बनर्जी दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के बजाय जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं. ममता बनर्जी इस मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए विरोध कर रही हैं. वह खुद एक महिला हैं. उन्हें राज्य के मुखिया के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी. उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि वह स्थिति को संभालने में विफल रही हैं.ज् गौरतलब है कि सीएम ममता बनर्जी ने महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए शुक्रवार को कोलकाता में मौलाली से डोरिना क्रॉसिंग तक एक रैली का नेतृत्व किया था. उन्होंने दोषियों को फांसी देने की मांग की थी. आशा देवी ने कहा कि जब तक केंद्र और राज्य सरकारें रेपिस्ट के लिए अदालत से त्वरित सजा की मांग को लेकर गंभीर नहीं होंगी, तब तक देश के विभिन्न हिस्सों में हर दिन ऐसी क्रूरता होती रहेगी. निर्भया की मां ने कहा, च्जब कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं।

## लोहाणा समाज में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया....

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 15- अगस्त आज़ादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास पूर्वक लोहाणा महाजन वाड़ी में मनाया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुंबई के युवा कथाकार भागवताचार्य पूज्य श्री नरेश भाई राज्यगुरु द्वारा ध्वजारोहण किया गया, साथ में विशेष अतिथि पूज्य हरेश भाई राज्यगुरु थे, पूज्य नरेश भाई ने देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को याद कर उनका योगदान बताया, साथ ही हमारे देश की शान तिरंगे के चारों रंग का अर्थ बताकर अपने विचार प्रकट किए, इस अवसर पर लोहाणा समाज राजनांदगांव के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे,ऊक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता व योगेश कोटक द्वारा दी गई।



## सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक माधव साहू हुए सम्मानित

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय साहू अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में किया गया।इस सम्मेलन में राजनांदगांव जिले के प्रकोष्ठ के सत्तर अधिकारी कर्मचारी भाग लेने रायपुर पहुंचें। समारोह में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन सचिव माधव साहू शिक्षक को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव के हाथों सम्मानित किया गया।माधव साहू ने राजनांदगांव जिले की निःशुल्क कोचिंग क्लास में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मॉंक टेस्ट, नवोदय विद्यालय प्रवेश,सैनिक स्कूल प्रवेश, कैरियर गाइडेन्स , स्वच्छता अभियान, खेल गतिविधियां,पौध रोपण, रक्तदान शिविर, किसान संगोष्ठी व प्रकोष्ठ की अन्य रचनात्मक गतिविधियों में अपना विशेष योगदान दिया है। उनके



इस उपलब्धि पर जिला संरक्षक डॉ. नीरेन्द्र साहू, जिलाअध्यक्ष भागवत साहू , महामंत्री नीलमणी साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू,नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक यशवंत साहू, सचिव मिलन साहू, प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू, सम्भागीय सन्योजक रुपेश साहू, पवन साहू,पूर्व जिला संयोजक जयंत साहू, जिला सह संयोजक छन्नू लाल साहू, संगठन सचिव लविन्द्र साव, मोरध्वज साहू, विष्णु साहू, कुंज बिहारी साहू, खोरबाहरा राम साहू,धन्नु लाल , भोज गंजीर , वीरेंद्र साहू, जितेंद्र हिरवानी, लोकेश साहू, रमेश साहू, मनहरण साव, भीखू राम साहू,खिलेश्वरी सा हू, दुर्गा हिरवानी ,महिला सुपर वाइजर यमुना साहू, संतोषी राजपूत, मुकेश्वरी साहू, गायत्री साहू, ऐश्वर्या साहू,रामकुमारी साहू आदि ने बधाईयां दी हैं।

## एबीवीपी के द्वारा पश्चिम बंगाल में हुए ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** आज एबीवीपी के द्वारा राजनांदगांव नगर के द्वारा कोलकाता में हुए ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार के बाद क्रूरता से की गई हत्या के मामले को लेकर कोलकाता व राज्य सरकार द्वारा पहले भी हुए वारदात पर और अभी भी ममता सरकार द्वारा कोई ठोस कदम न उठाने के व दोसियो को और सबूत छुपाने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में हादसे वाले जगह पर जानबूझ कर रिपेरीग कार्य सुरु कर आरोपियों को बचाने में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पूर्ण। रूप से संलिप्त होने के और जांच में पूर्ण रूप से सहयोग ना करने के कारण ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया साथ ही दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए,क्क्ङ्कक्क की केंद्र सरकार से मांग है और हॉस्पिटल को सेफजोन घोषित करने के मांग की।



## एप्पल वेली पब्लिक स्कूल मोहारा एवं कलडबरी में ध्वजारोहण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एप्पल वैली पब्लिक स्कूल, मोहारा में इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण, परेड का आयोजन किया। इस खास मौके पर स्कूल डायरेक्टर श्री जॉन, पालक रामहीन वर्मा, टाकेश्वर वर्मा, सुनील वर्मा, प्रभा वर्मा, मुकेश वर्मा सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ स्कूल डायरेक्टर द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ, जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी और मार्च पास्ट करते हुए देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। डायरेक्टर श्री जॉन ने अपने संबोधन में छात्रों को अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व की जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें प्रभावी ढंग से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह समारोह छात्रों के जीवन में नए दायित्वों का आरंभ है, जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगा। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा डांस, स्पीच व कविता प्रस्तुत किया गया। समारोह का समापन विद्यालय के वरिष्ठ सीमरन कौर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक मंजू साहू, कामिनी साहू, किरण साहू, तुशांगी राजपूत, पूजा वर्मा, नीलिमा वर्मा, दीपिका साहू, राजदीप कौर और छात्र उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण दिवस को और भी विशेष बनाने में राजदीप कौर ने कार्यक्रम के संचालन मे अपना योगदान दिया।



## मुख्य मार्गो पर जगह-जगह हो रहा लोडिंग-अन लोडिंग का काम, शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर की बदहाल यातायत व्यवस्था को सुधारने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने मोर्चा खोल दिया। पार्टी ने जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन के नेतृत्व में आज ज्ञापन सौंप कर यातायत विभाग को मुख्य मार्गो में होने वाले लोडिंग-अन लोडिंग से अवगत कराया। साथ ही नो एंट्री घोषित बाजार क्षेत्र के व्यस्त मार्गो में निजी स्कूल बसों की एंट्री की एंट्री का मुद्दा भी उठाया। श्री देवांगन ने आरोप लगाया कि यातायात विभाग सिर्फ दो पहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही करती है, जबकि निजी स्कूल बस संचालकों व बड़े व्यापारियों पर कोई कार्यवाही नहीं करती है, जिससे वे बेरोक-टोक के नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं, जिसका खामियाजा पैदल चलने वाले, सायकल सवार, दो पहिया वाहन व छोटे वाहन चालकों हादसे के रुप में भुगतना पड़ता है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस प्रशासन को ऐसे मामलों में जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग की हैं। मांगे पूरी नहीं होने पर आम जानता के हित में एक बड़े जन आंदोलन की चेतावनी दी।



# गायत्री विद्यापीठ में स्वतंत्रता दिवस के साथ 42 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्ण मनाया गया

## विद्यार्थियों ने सत्य, निष्ठा व ईमानदारी से कर्त्तव्य निर्वहन की ली शपथ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्ण मनाने के साथ-साथ विद्यालय का 42 वां स्थापना दिवस भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। साथ ही विद्यार्थियों हेतु शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने सत्य, निष्ठा व ईमानदारी से कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ ली। सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ नवनिर्वाचित विद्यार्थी जो विभिन्न पदों पर चयनित हुए उन्हें बेच व शैषे पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा विद्यार्थियों को शपथ दिलाया गया। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। आप सभी अपने पद को सत्य निष्ठा के साथ राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर जिम्मेदारियों को निभाएं। क्रीडा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सभी विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन कर सामूहिक एकता व संगठन की शक्ति परिचय दिया। सभी अतिथियों का परिचय सचिव श्री गगन लड्ढा द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि श्री राजेश जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्वागत भाषण श्री बृजकिशोर सुरजन द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने देश सेवा को सर्वोपरि बताते हुए आजादी का इतिहास बताकर सभी को




प्रेरित किया साथ ही 42वां स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय को आगे बढ़ाने में सभी की मुक्तकंठ से सराहना की। संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन द्वारा भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि विद्यार्थियों में जीवन के आरंभिक काल से नेतृत्व क्षमता विकसित हो, आप शिक्षा के साथ-साथ विद्या को भी धारण कर एक श्रेष्ठ नागरिक बने ऐसा हमारा प्रयास है। आयोजन में एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आरंभ से लेकर अंत तक सभी में देशप्रेम का जज्बा बना रहा। स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पवन डागा जी थे। इस अवसर पर शिक्षकों ने स्थापना दिवस की खुशी को शानदार प्रस्तुति से साझा किया जिसमें गीत-संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में क्रीडा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा के शानदार मंच संचालन से सभी प्रभावित हुए जिनके अनोखे अंदाज ने सभी का दिल जीता। आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, गायत्री शिक्षण समिति के सदस्य नरेन्द्र लोहिया, पवन डागा, श्रीमती राधादेवी लड्ढा, श्री जयंती भाई पटेल, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का शानदार वीडियोग्राफी शाला के व्याख्याता श्री आशीष सोनवानी एवं शिक्षक याददास साहू द्वारा किया गया।

# रुचि संस्था द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में तिरंगा थीम पर राखी और मेहंदी कंपिटेशन का आयोजन

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** दिग्विजय स्टेडियम में रुचि संस्था के तत्वावधान में तिरंगा थीम पर मेहंदी और राखी बनाने का आयोजन किया





गया। इस आयोजन में कई प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही, वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रुप कैप्टन बी.के. शर्मा (सेवानिवृत्त) ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मेहंदी वर्ग में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए, अल्फिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नफिशा और सीमा ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। राखी वर्ग में लिजिग्रीस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, धनेश्वरी ने द्वितीय स्थान और सुलेखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रुचि संस्था की डायरेक्टर रचना शर्मा ने इस अवसर पर कहा, हमें गर्व है कि इस आयोजन के माध्यम से न केवल कला की सराहना की गई बल्कि वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया गया। इस तरह के आयोजनों से हमें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिलती है।

# शोक संतप्त परिवार से मिले सांसद संतोष पांडे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद संतोष पांडे एवं भाजपा



नेताओं ने सबेरा संकेत के सह संपादक ईश्वर साहू के डीडी नगर निवास पहुंचकर उनके पिता श्री माधो साहू के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए शोक प्रकट किया।सांसद श्री पांडे ने कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और इस दुख की घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि देवशरा सेन, युवा नेता आलोक श्रोती, व्याख्याता द्वय टिकेन्द्र साहू, सुरेश साहू, कमल देवांगन, श्रीमती चेतना साहू के अलावा साहू परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# नीरज विद्या मंदिर में शान से लहराया तिरंगा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं शिक्षाविद इंजी. नीरज बाजपेयी, मती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सु कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर मती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सु अंजुम जहान एवं प्रशासक जी.राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं महात्मा गांधी जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम संस्था के प्रागंण में किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा बारी-ंउचयबारी से स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपने-ंउचय अपने विचार रखे गये। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नीरज बाजपेयी ने कहा कि पूर्ण स्वतंत्रता का अर्थ है अपने विचारों, निर्णयों एवं कार्यो के प्रति हमारा अच्छी तरह से उत्तरदायी होना। उन्होंने आगे कहा कि हमें एकजुट होकर बुराइयों के विरूद्ध लड़ाई लडनी होगी। संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर मती पुष्पा बाजपेयी ने अपने संक्षिप्त एवं



सारगर्भित भाषण में कहा कि आज की पी-सजयी स्वतंत्रता के अर्थ को भली-ंउचयभांति सम-हजयते हुए इसके साथ मिले दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। संस्था प्राचार्या सु जहान ने अपने प्रेरक उद्बोधन में देश के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें हर कीमत पर आजादी की रक्षा करनी होगी। शिक्षक डॉ लोकेश शर्मा एवं अंग्रेजी के व्याख्याता चंदन द्विवेदी ने भी स्वत्रंता दिवस को लेकर विचार व्यक्त किए। आध्या जैन एवं इशिका साहू ने 'हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए' एवं 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' गाकर पूर माहौल को देश भक्ति के रंग से रंग दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था के संगीत शिक्षक शरद मेश्राम एवं डोमेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में विद्यार्थियों सहित शिक्षक-ंउचयशिक्षिकाओं ने देशभक्तिपूर्ण गीतों की सिलसिलेवार प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने शिक्षिका मती चित्ररेखा धनकर एवं सु भारती मानिकपुरी के मार्गदर्शन में समूह नृत्य के माध्यम से आज़ादी के पावन महोत्सव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। हेड गर्ल रिशिका जैन ने हिन्दी में एवं हेड बॉय राकेश निषाद ने अंग्रेजी में स्वतंत्रता दिवस को लेकर अपने-ंउचयअपने विचार रखे। अंत में आभार प्रदर्शन अंग्रेजी विषय के अध्यापिका मती शिप्रा वास्तव ने किया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में संस्था के शिक्षक नवीन कुमार देवांगन ने दी।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल चौकी में प्राचार्य ने फहराया तिरंगा

## एग्रीकल्चर कॉलेज के साथ संयुक्त आयोजन..

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वतंत्रता के 78 वें पर्व पर इंग्लिश मीडियम स्कूल , अंबागढ़ चौकी , राम निवास सारडा



एग्रीकल्चर कैंपस में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया । दोनो संस्थाओं की ओर से शालेय प्राचार्य डॉ. एस के मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज को गगनाधीन कर सैल्यूट किया । राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर शालेय विद्यार्थियों ने अपनी तुतली जुबान से देश भक्ति के गीत गुनगुनाए । साथ ही अपने पाठ्यक्रम में शामिल पोयम गाकर शिक्षकों एवं पालकों का दिल जीत लिया । कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री प्रजापति ने राष्ट्रीय पर्व को आत्मा से जुड़ा उत्सव बताया । इसी तरह प्राध्यापक श्री साहू ने कहा कि हमें देश में जो सुकून प्राप्त है वह हमारे संविधान के कारण ही है । कॉलेज में पदस्थ जावेद अहमद ने देश भक्ति का गीत गाकर राष्ट्रीय पर्व को ऊंचाई प्रदान की । अंत में शाला प्राचार्य डॉ .एस के मिश्रा ने अपने उद्बोधन में देश में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर भी दु:ख व्यक्त किया । उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की 2047 की प्लानिंग को देश हित में बताते हुए देशवासियों के लिए स्वर्णिम करार दिया ।

**शुभांक**

**1-3-5**

**125-8 138-2**

# भागवत साहू के नेतृत्व में निकली संविधान बचाओ यात्रा को मिला अच्छा प्रतिसाद



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गांव-गांव निकली संविधान बचाओ यात्रा को सफल बनाने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में सभी ब्लॉकों में कार्यक्रम सफल रहा। जिसके फल स्वरुप संविधान बचाओ यात्रा को गांव-गांव में अच्छा प्रतिसाद मिला। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के तत्वाधान में घुमका ब्लॉक के तिलाई गांव में सविधान यात्रा में भागवत साहू (अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी) , धनेश पाटिला (पूर्व मंत्री छ सीजी शासन), भुनेश्वर बघेल (पूर्व विधायक डोंगरगढ़ ), रतन यादव (ब्लॉक अध्यक्ष) एवम समस्त ग्रामवासी तिलाई और पटेवा में सविधान यात्रा सफल रहा। इसी प्रकार जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के निर्देश अनुसार घुमका मुख्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका में सविधान यात्रा निकाली गई। इसमें प्रमुख जिला विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, शेखर वर्मा, दुर्गेश दिवेदी, नवीन लूनिया, सरपंच फूलमती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका के ग्राम बघेरा में सविधान यात्रा निकाली गई। इसमें प्रमुख विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, शेखर वर्मा, दुर्गेश दिवेदी, नवीन लूनिया, सरपंच हरीश देशमुख, गिरीश साहू हुबलाल देशमुक ओमप्रकाश साहू चुम्मन साहू रमाकांत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के पत्रकारों ने कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के मुख्यालय मोहला में जिला प्रशासन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे जिले के पत्रकारों को आमंत्रण पत्र नही मिला जिसके कारण पत्रकारों ने नाराजगी दिखाते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा किए गए समारोह से दूरियां बनाई। दिनांक 16/08/2024 दिन शुक्रवार को तहसीलदार अंबागढ़ चौकी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के द्वारा जवाबदार शासकीय सेवक पर कार्यवाही की मांग की एवं मांग पूरी नही होने तक जिला प्रशासन के कार्यक्रम का कवरेज व जारी प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन न करने की बात कही। प्रेस क्लब मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष एनिशपूरी गोस्वामी ने कहा की पूर्व में भी जिले के पत्रकारों के साथ इस तरह का व्यवहार हुआ है पर अब जिले के पत्रकार इस तरह का व्यवहार,अवहेलना बर्दास्त नही करेंगे जब तक जिला कलेक्टर जवाबदार शासकीय सेवक पर कार्यवाही नही करेंगे तब तक विरोध जारी रहेगा।

कार्यालय, नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

कमांक/757 लो.नि.शा./ निविदा/न.पं./2024-25 डोंगरगाँव, दिनांक 16/08/2023

।। मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पुष्पवाटिका उद्यान में विविध कार्य कार्य अंतर्गत् कुल 02 कार्य, लागत राशि 20.14 लाख रुपये हेतु दिनाँक 10/09/2024 को कार्यालयीन अवधि समय 3:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा प्रपत्र 'एबीसी में आमंत्रित की जाती है। एक लिफाफे में टेंडर दर। दूसरे में स्व प्रमाणित समस्त दस्तावेज एवं अमानत राशि का एफडी. आर. तथा तीसरे लिफाफे में इन दोनों लिफाफों को भरकर इसके उपर कार्य का नाम, पाने वाले का नाम तथा प्रेषक का पूर्ण नाम/पता लिख कर जमा करना होगा।

1.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय- 03/09/2024 को शाम 04:00 बजे तक
2.निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय 04/09/2024 को शाम 04:00 बजे तक
3.निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 10/09/2024 को दोप. 03:00 बजे तक
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय 10/09/2024 को दोप. 04:00 बजे तक

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

- अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें।
- जल ही जीवन है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डोंगरगांव
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 15.अगस्त को थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है 14.अगस्त को शाम को ग्राम पदगुढा मे बादराटोला रोड में गजाधर साहू के घर के पास, अवैध रूप से शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना डोगरगांव मे पुलिस की स्माल टीम गठित कर शराब रेड कार्यावाही किया गया जहां रेड कार्यावाही के दौरान शराब खरीदने वाले पुलिस पार्टी को आते देखकर भाग निकले ,तभी शराब के बोरियों से शराब निकालकर बिक्री कर रहे आरोपियों को भी अचानक पुलि?स पार्टी भनक लगने पर शराब से भरी बोरियों को छोड़कर अंधेरा एवं बारिश की फायदा उठाकर घर की पीछे की ओर से भाग निकले एवं मौके पर बिक्री हेतु रखे शराब को छोड़ दिये जिसे मौके पर समक्ष गवाहान के सफेद रंग की प्लास्टिक की 04 बोरीयों मे कुल 415 नग पौवा च्देशी दारू संत्रा च्च् प्रीमियम डिलक्स सुपर , प्रत्येक मे 180द्व्य आकोला महाराष्ट्र निर्मित कुल जुमला 74 लीटर 700 द्व्य जुमला कीमती 29,050/- रूपये को जप्त किया गया है । मौके पर फरार आरोपियों के खिलाफ थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । फरार आरोपी की पता तलाश लगातार जारी है पता तलाश कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी । उक्त कार्यवाही मे



उपनिरी0 लाभाराम ध्रुव ,प्र0आर0 संदीप देशमुख ,क्र0 233 आर0 साहिद अंसारी क्र0 193 एवं सायबर सेल टीम के प्र0आर0 बसंत राव क्र0 800 आर0 अमित सोनी क्र0 354 म0आर0 पार्वती कंवर क्र0 - 1306 का विशेष भुमिका रही है।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल . बल्देवबाग ने मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा भारतमाताए गांधी जी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं मार्ल्याल्पण किया गया तत्पश्चात् स्कूल संचालक बाजपेयी जी ने झंडा फहराकर भारत देश की



आन.बान और शान तिरंगे को राष्ट्रगान के साथ सलामी दी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भिन्न.भिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर सारगर्भित भाषण देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में संचालक नीरज बाजपेयी ने अपने उद्बोधन भाषण में कहा किए इस देश की आजादी के लिए अनेक देशभक्तो ने अपने बलिदान दिएए उन वीर सपूतों एवं देश भक्तों को भुलाया नहीं जा सकता। बाजपेयी जी ने आगे कहा कि देश की आजादी का महत्व प्रत्येक विद्यार्थी एवं देश के प्रत्येक नागरिक को समझना एवं पहचानना अतिआवश्यक है। उक्त अवसर पर स्कूल शाला संचालक श्रीमती सोनल बाजपेयीए कुण् कुंतल बाजपेयीए प्राचार्या श्रीमती इला राठौरए उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लईए हेड मिस्ट्रेस क्रमश: श्रीमती वैशाली सिंग एवं श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित शिक्षक.शिक्षिकाएं एवं समस्त स्कूल स्टाफ तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

nandgaon times aug-18-04.qxd 8/17/2024 11:37 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?*
*2) भूमि मापने के लिए दिल्ली सल्तनत काल में किस मापक को प्रयोग में लाया जाता था?*
*3) भारत का पहला कंप्यूटर कहाँ स्थापित किया गया था?*
*4) केण्डुली उत्सव किस राज्य में आयोजित किया जाता है?*
*5) भारत के पहले टेस्ट ट्यूब जन्में भैंस बछड़े का नाम क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) द चैलेन्ज (2) मसाहत (3) भारतीय साख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता (4) पश्चिम बंगाल (5) बन्नी

# हड़ताल से मेडिकल कॉलेज की ओपीडी पूरी तरह बंद रहने से मरीजों को काफी परेशानी





**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकिय मेडिकल कॉलेज के पीजी, इंटर्नी, जूनियर डॉक्टर सहित मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टरों के एक दिवसीय हड़ताल से मेडिकल कॉलेज की ओपीडी पूरी तरह बंद रही वहीं जिला अस्पताल के डॉक्टर और निजी अस्पताल के डॉक्टर भी हड़ताल पर चले गए, जिससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं चालू रखी गई है, जिसमे एक्सीडेंट और गम्भीर मरीजो को भर्ती लिया जा रहा है, और उपचार किया जा रहा है..

## 15 अगस्त के शुभ अवसर पर 15 पेड़ लगाए गए - कमल सोनी

### शहर सहित जिले वासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी और उत्सव टाउन अपार्टमेंट वार्ड नंबर 43 के संयुक्त तत्वाधान में 15 अगस्त के शुभ अवसर पर 15 पेड़ लगाए गए। जिसमें गुलमोहर, नीम, कनेर, पीपल, आवला, आम सहित विभिन्न प्रजाति के पेड़ लगाए गए। इस दौरान श्री सोनी ने सभी को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी साथ ही मिठाइयां बांटी गई। एक दूसरे से गले मिलकर आपस में खुशियां मनाई गई।श्री सोनी ने पेड़ लगाने के महत्व को बताते हुए कहा की प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। हरे भरे वृक्ष धरती माता का श्रृंगार होते हैं। इन वृक्षों की शरण में आकर मनुष्य पशु पक्षी सहित तमाम तरह के जीव जंतु सुख पाते हैं। इसीलिए वृक्षारोपण को महान कार्य कहा गया है। इसकी महत्ता शास्त्रों में भी मिलती है। क्योंकि पेड़ की छाया में आप हम और आम आदमी विश्राम करते हैं। पशु पक्षी इनकी छांव में आकर थकान मिटाते और सुख पाते हैं। उन्होंने साथ ही आमजन से आग्रह किया है कि अपने घर में या आसपास में एक पेड़ अवश्य लगाए। इस दौरान मुख्य रूप से शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी के साथ वार्ड नंबर 43 बसंतपुर पार्षद खेमिन राजेश यादव पूर्व पार्षद देवशरण सेन पूर्व पार्षद शेखर यादव पूर्व एल्डरमैन रमेश नारायणी बूथ अध्यक्ष धरम उईके उत्सव टाउन अपार्टमेंट के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सचिव दिनेश भानुशाली बसंत चितलांगिया महेश सेजपाल राजेश गुप्ता विजय देवांगन आशीष बाफ़ना मोहन दम्मानी सौरभ देवांगन कान्हा सेठिया जूही खंडेलवाल एवम बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

## मनेरी विद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवम प्राथमिक विद्यालय मनेरी में सयुक्त रूप से मानस मंच पर स्वतन्त्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। प्रारंभ में सभी विद्धालयो में ध्वजारोहण शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ताराचंद साहू डोमन साहु कमलेश साहू एवम ग्राम पंचायत भवन में जुगत बाई साहू सरपंच के कर कमलों से हुआ इसके पश्चात् प्रभात फेरी ग्राम भ्रमण करते हुए नारो के गुजायमान के साथ निकली जहा प्रमुख भवनों पर ध्वजारोहण किया गया उक्त सभी कार्यों में तीनों विद्धालयो के शिक्षक छात्र उपस्थित रहे ग्राम के प्रबुद्ध जनों का विशेस सहयोग प्राप्त हुआ मुख्य अतिथि सरपंच जुगत बाई साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता ताराचंद साहू द्वारा एवम विशेष अतिथि के रूप में पोहन साहू जनक साहू। केवल साहू भोलाराम चंद्रवंशी खेलन सारवा टीका राम चंद्रवंशी उप सरपंच ग्राम पटेल बलराम साहू कामता यादव बोधन साहू रुखखम साहू ढाल दास साहू अन्नु साहू महेंद्र साहू अश्वनी कोठले खेलन डहरे निर्मला साहू कुमेश्वरी साहू सोनिका साहू बबिता विश्वकर्मा गीता चंद्रवंशी शीला डहरे कुमारी बाई पार्वती साहू तिलक राम धूम्मन लाल मिथलेश चंद्रवंशी अतिथि रहे शिक्षक एवम संकुल समन्वयक नीलमणी साहू एवम मनीषा घरड़े व्याख्याता द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया इस अवसर पर संकूल प्राचार्य ए आर साहू, ने स्वागत भाषण एवम स्वतन्त्रता दिवस व वृक्षारोपण की महत्ता को बताया जुगत बाई सरपंच द्वारा बच्चों को नियमित विधालय आने अच्छा पढ़ने व ग्राम विकाश की योजना को बताया पोहन साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सही सफ्लता के लिए शिक्षक पालक बैठक की उपयोगिता पर चर्चा किया। जनक साहू केवल साहू ने भी कार्यक्रम में

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो के प्रस्तुति के साथ मनाया आजादी का पर्व

**डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)।** उशासकीय उच्चतर माध्यमिक उमरवाही मे 78 वे स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति के साथ मनाया गया।



प्रात: झंडारोहण करने पश्चात प्रभात स्कूली छात्राओ ने प्रभात फेरी निकाली झंडा रोहण करने के पश्चात स्कूली छात्र छात्रोओ ने प्रभातफेरी निकाली । झंडारोहण बी एस एफ के सेवानिवृत्त शेष नारायण तिवारी ने किया । स्कूल छात्रोओ ने भाषण कविता एंव नाटक के माध्यम से देश भक्ती के बारे मे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्था के प्राचार्य विजय कुमार ध्रुवे, रिटायर्ड, सरपंच गौरी बेगम ,बिसराम पिकेश्वर,देवेन्द्र ठाकुर, मुकेश सोनबोईर, रीना जसवाल,यशोदा पिकेश्वर, संतोष खिलावन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गोडलवाही मे हल्बा सामुदायिक भवन मे नरगोतिन भुआर्य ने फहराया तिरंगा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम गोडलवाही मे आजादी का जश्न धुमधाम से मनाया गया । मुख्य समारोह हायर सेकेडरी प्रागंण मे हुआ । हायर सेकेण्डरी स्कूल मे प्राचार्य शैलेष पिस्दा ने ध्वजारोहण किया। आदिवासी प्री बालक छात्रवास मे अधीक्षक टिकेश्वर साहू एंव हल्बा सामुदायिक भवन मे नरगोतिन भुआर्य ने ध्वजारोहण किया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल भुआर्य कृषिसमिति के अध्यक्ष रेवाराम ठाकुर ,भुवनेश्वर कर्ति, तीरथ सिवना, व्याख्याता कमलेश साहू, व्यायाम निर्देशक उत्तम बारसागढे,हीरालाल साहू ,अरूणा कोर्राम, सुरभि श्रीवास्तव टीकम साहू देवेन्द्र रावटे छात्राओ सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## ग्राम कांकेतरा में डायरिया पर जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लगातार बढ़ते डायरिया के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए रूरल इम्पावरमेंट एंड डेवलॅपमेंट युथ फाउंडेशन (रीड युथ फाउंडेशन) द्वारा जन जागरूकता मिशन का शुरुवात किया गया। इसी किशन के अंतर्गत ग्राम कांकेतरा में जंहा लगभग 50 से भी अधिक डायरिया के केसेस मिले है। इन सारे विषयो को ध्यान में रखते हुए संस्था के समाजसेवी साथियों द्वारा डायरिया नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डायरिया के लक्षण बीमारी और उपचार से ग्राम जनो और स्कूल के बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही साथ स्वच्छ्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल विभाग एवं ग्राम पंचायत कांकेतरा का पूर्ण सहयोग मिला। उपरोक्त जागरूकता कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार टेम्बुकर, सचिव दीपक कोसमा, कार्यक्रम प्रबंधक भावेश, तकनिकी प्रभारी चंद्रप्रकाश, साहिल, सलाहकार हिमांचल, धनंजय, योगिता, नंदनी, रुचिका,कनिष्का, दिव्या, ईशा, रेशमा, मेघा, पूजा एवं अन्य सदस्य शामिल हुए।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव में ध्वजारोहरण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव प्रधान कार्यालय परिसर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य श्री सचिन सिंह बघेल ''अध्यक्ष'' जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा ''ध्वजारोहण'' किया गया। ध्वजारोहरण कार्यक्रम में श्री आलोक श्रोती आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ढाबा के प्रतिनिधि के रूप मे उपस्थित रहें। कार्यक्रम में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभात मिश्रा, मुख्य लेखाधिकारी श्री प्रदीप कुमार पटेल, अधीक्षक श्री लक्ष्मीकांत सोनी कृषि शाखा के शाखा प्रबंधक श्री मनीष श्रीवास्तव, प्रबंधक श्री सुरेश कुमार द्विवेदी, नीरज श्रीवास्तव, श्री प्रफुल्ल शर्मा, श्री प्रकाश अखिलेश सहित बैंक एवं समिति के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन लाल बाग द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर राखी बांधने का कार्यक्रम रखा गया है । इसी तारतम्य में 17 अगस्त शनिवार को वृद्धाश्रम , मूक बधीर बच्चों की संस्था आस्था एवं दिव्यांग बच्चों की संस्था अभिलाषा में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राखी बांधी जायेगी । 18 अगस्त रविवार को 8वीं बटालियन, जिला जेल परिसर , पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय , एवं विभिन्न थानों में जाकर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राखी बांधी जायेगी । 19 अगस्त सोमवार को ब्रह्माकुमारीज के कौरीन भाठा स्थित ज्ञान मानसरोवर में प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक विशाल रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । इसके पश्चात 12 बजे भारत तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवान भाइयों को राखी बांधी जायेगी एवं शाम 7 बजे से 9 बजे तक लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज के वरदान भवन में शहर के गणमान्य लोगों के लिए रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है । यह जानकारी सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी ।

## श्रद्धांजलि

**भरत लाल साहू जी सेवानिवृत्ति व्याख्याता**

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम अछोली (खेरथा बाजार) निवासी (85 वर्ष )का आज हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया है।। वे कबीर पंथ के उपासक थे ,कबीर विचार मंच अछोली के आप सर्वांकर भी है,, आपके सानिध्य में प्रतिवर्ष कबीर विचार मंच अछोली के तत्वाधान में सत्संग भजन चौका आरती का कार्यक्रम प्रतिवर्ष प्रतिवर्ष होता रहा ।। आप भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।। अंतिम यात्रा में अनेक संत महंत दीवान एवम परिजन सम्मिलित हुए। दो मिनट मौन श्रद्धांजलि दी गई!



## धर्म समाचार....

# रक्षाबंधन पर राखी बांधने का शुभ मुहूर्त क्या है



रक्षाबंधन का त्योहार आने ही वाला है। यह दिन देशभर में सेलिब्रेट किया जाएगा। यह त्योहार भाई और बहन के आपसी स्नेह का प्रतीक है, जिसमें बहना अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और माथे पर मंगल तिलक लगाती हैं। इस दिन शुभ मुहूर्त में राखी बांधना जरूरी होता है। सावन माह के समापन के साथ ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है। श्रावण पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन पर्व आता है। यह त्योहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाईयों को राखी बांधती हैं और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। कहा जाता है कि भाई को राखी बांधने से पहले भगवान को राखी बांधनी चाहिए। इसके बाद बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाती हैं, आरती करती हैं और उन्हें राखी बांधती हैं। भाई भी अपनी बहनों को उपहार देते हैं। साथ ही जीवन भर रक्षा करने का वचन देते हैं। हम आपको राखी बांधने का शुभ मुहूर्त, तिथि और भद्राकाल के बारे में बताने जा रहे हैं। इस बार सावन पूर्णिमा तिथि 18 अगस्त को सुबह 2.21 बजे से शुरू होकर, अगले पूरे दिन यानी 19 अगस्त तक रहेगी। ऐसे में रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त, सोमवार को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार, भद्रा 18 अगस्त की रात 2.21 बजे से शुरू होगी और अगले दिन 19 अगस्त की दोपहर 1.24 बजे तक रहेगी। यह भद्रा पाताल लोक की रहेगी। भद्रा में रक्षाबंधन मनाना अशुभ माना जाता है। ऐसे में राखी बांधने का शुभ समय 19 अगस्त को दोपहर 1.24 बजे के बाद है। वैदिक पंचांग के अनुसार, राखी बांधने का शुभ समय 19 अगस्त सोमवार को दोपहर 1.24 बजे से शाम 6.25 बजे तक है। इसके अलावा राखी बांधने का शुभ समय प्रदोष काल में शाम 6.56 बजे से रात 9.08 बजे तक है। इस दौरान रक्षा सूत्र बांधने से भाइयों को लंबी उम्र के साथ सुख-समृद्धि भी प्राप्त होती है। रक्षाबंधन के दिन भाई के दाहिने हाथ पर राखी बांधना शुभ माना जाता है। दाहिना हाथ या सीधा हाथ जीवन के कर्मों का हाथ कहा गया है और मनुष्य के दाहिने हिस्से में देवताओं का वास भी माना गया है। कहा जाता है कि दाहिने हाथ से किए गए दान और धार्मिक कार्यों को भगवान जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, इसलिए धार्मिक कार्यों के बाद कलावा आदि भी दाहिने हाथ पर बांधा जाता हैं।

## स्वतंत्र होना पिंजरे में लौटना क्या सच में कोई किसी पर कर सकता है जादू टोना, प्रेमानंद महाराज ने दिया जवाब

कई लोग जादू-टोने में विश्वास रखते हैं। माना जाता है कि कि जादू-टोने से किसी का फायदा और नुकसान किया जा सकता है। जादू-टोने को सामान्?य तौर पर तांत्रिक क्रिया से जोड़कर देखा जा सकता है। तंत्र शास्त्र के अनुसार, किसी के जीवन में लगातार सकारात्मक, मानसिक तनाव या भय, आने लगता है, तो माना जाता है कि उस पर किसी ने जादू-टोना किया जा सकता है। हालांकि, इसको लेकर अलग-अलग मत है। कई कथावाचकों ने भी जादू-टोने पर अपने मत रखे हैं। क?या किसी पर जादू-टोना करवाया जा सकता है, इस पर प्रेमानंद महाराज ने भी अपने विचार रखे हैं। प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि हमे जब दुख भोगना होता है तो हमारी बुद्धि हमें धोखा दे देती है, लगता है कि किसी ने हमें कुछ कर दिया है और यदि कोई इसका सपोर्ट कर दे, तो परेशानी होने लगती है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि अगर आपका कर्म खराब है तो हर जगह परेशानी आएगी। मसान में भी कहीं कोई भूत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि नाम जब करने और भगवान का स्मरण करने से सब ठीक हो जाता है।



nandgaon times aug-18-04.qxd 8/17/2024 11:38 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में प्रभावी साबित होगा सीआरसी का नया भवन - केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार

## दिव्यांगजनों के हित के लिए होनी चाहिए सबकी सहभागिता, 32 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम ठाकुरटोला में सीआरसी के नये भवन का किया गया निर्माण









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम ठाकुरटोला में दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने सीआरसी के पुराने भवन का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने कहा कि देश में दिव्यांगजनों के पुर्नवास एवं विशेष शिक्षा के लिए 10 राष्ट्रीय संस्थान तथा 25 सीआरसी चलाये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए भवन में सीआरसी का संचालन किया जा रहा है। यह प्रदेश का पहला सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में पुराने भवन में संचालित है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नये भवन का निर्माण कराया गया है। जैसे ही यहां का कुछ अधूरा कार्य पूर्ण हो जाएगा पुराने भवन से नये भवन में सीआरसी शिफ्ट हो जाएगा। इस केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सेवाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से दी जाएगी। यहां फिजियोथैरेपी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। दिव्यांगजनों को ज्यादा अच्छी सुविधाएं मिलगी। ज्यादा मशीनें उपलब्ध करवायेंगे। डिप्लोमा कोर्स के साथ-साथ डिग्री कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। यहां के विद्यार्थी दिव्यांगजनों के क्षेत्र में विशेषज्ञ तौर पर सेवाएं दे सकते हैं। यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए व्यावहारिक केन्द्र बनने वाला है। साथ ही मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों का ईलाज एवं उनको सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा सकेगा। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया और कहा कि यहां नये सीआरसी भवन में अच्छे से दिव्यांग बच्चों को सेवाएं दे पायेंगे। यहां विद्यार्थियों को विशेषज्ञ के तौर पर और जॉब के लिए अवसर मिलेंगे। सीआरसी भवन में हॉस्टल भवन की सुविधा के लिए 11 करोड़ रूपए हॉस्टल के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीआरसी में सुविधा एवं गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के हित के लिए सभी को आगे आना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि सबका साथ सबका विकास इस मंशा के साथ हमें दिव्यांगजन को भी सशक्त बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना लेकर चल रहे हैं। इस सपने को साकार करने के लिए सीआरसी को सशक्त बनाना है। दिव्यांगजनों से संबंधित सभी संस्थानों को सशक्त बनाया जा रहा है।



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए अच्छा साबित होगा। दिव्यांगजनों को सशक्त करने की दिशा में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। यह सौभाग्य की बात है छत्तीसगढ़ में इतना अच्छा सीआरसी भवन बना है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवंटित 4151.38 वर्ग मीटर भूमि पर सीआरसी राजनांदगांव का नया भवन राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में निर्माण किया गया है। यह भवन 32 करोड़ की लागत से लगभग 2 मंजिलों में सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। इस भवन में कुल 35 कमरे हैं। जिसमें भूतल में 17 कमरे, पहली मंजिल में 18 कमरे का निर्माण हुआ है। इस अवसर पर श्री आलोक सोठी, सीआरसी निदेशक श्रीमती स्मिता महोबिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवंअधिकारी, सीआरसी स्टॉफ उपस्थित थे।

## योगेश साहू बने नवागाँव हाई स्कूल के अध्यक्ष

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के सह-संयोजक योगेश साहू को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष



मनोनीत किया गया है । छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर एवं जिले के प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उपरोक्त नियुक्ति की है । योगेश साहू को उनकी इस नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं एवं मित्रो ने बधाइयां दी।

## हिंदू जन आक्रोश रैली स्वर्फूत समर्थन हेतु आभार - संयोजक नीरज बाजपेयी

**राजनांदगॉव ( नांदगांव टाइम्स )।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों एवं धार्मिक स्थलों को हो रही क्षति के विरोध में रखी गई



हिंदू जन आक्रोश रैली में शामिल होकर अपनी एकता का परिचय देने वाले सभी हिंदू समाज के प्रमुखों एवं साथ में आए सभी प्रबुद्ध नागरिक बंधुओं को , शैक्षणिक संस्थाओं , साथ ही अपनी संस्थान एवं दुकानों को स्वफूर्त बंद कर इस आक्रोश रैली में शामिल हुए सभी व्यापारीगण , विशेष रूप से पधारी देवी स्वरूप समस्त मातृ-शक्तियों , दुर्गा स्वरूप हमारी बहनों एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों को . प्रणाम करते हुए आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ आप सभी की गौरवशाली उपस्थिति से हिंदू जन आक्रोश रैली का विशाल स्वरूप में सफल आयोजन संपन्न हुआ जिससे हिंदू समाज में नव जागृति , नव ऊर्जा का संचार हुआ है यह गौरवशाली परंपरा सदियों सदैव बनी रहे । सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित इस रैली के संयोजक नीरज बाजपेयी की ओर से बहुत-बहुत आभार। साथ ही इस रैलीको दो दिनों में सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले हमारे साथी श्रीओमप्रकाश अग्निहोत्री अध्यक्ष विहिप , कृष्ण शुभम् महाराज ,प्रशांत दुबे नंदू राम साहू ,अरुण गुप्ता ,अनूप श्रीवास अंकित खण्डेलवाल , संतोष सिंह , सुनील सेन , राज बहादुर , राहुल मिश्रा ,प्रवीण शर्मा ,आशीष पांडे आशीष तिवारी ,विकास जांगिड़ ,प्रशांत हाथीबेड , राज तंवर , संतोष तुराटे एवं अन्य सभी हमारे साथियों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

## कलकत्ता की दिवंगत महिला डॉक्टर को श्रधांजलि अर्पित कर सुरक्षा की मांग



**डोंगरगढ़/अछोली ( नांदगांव टाइम्स )।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के दुष्कर्म और हत्या के मामले में शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी सहित देश के विभिन्न स्थानों पर धरना एवं विरोध प्रदर्शन किए गए। पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर देश भर में चल रहे विरोध प्रदर्शन बीच डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारीगणों के द्वारा ग्राम अछोली में शोकित हृदय से श्रद्धांजली अर्पित किया गया व् कैंडल जलाकर उनकी मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई व उनके साथ किए हुए अपराध के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई है। वहीं महिला स्वास्थ्य कर्मचरियों ने बताया कि अस्पताल की रात्रिकालीन ड्यूटी में खासकर महिला डाक्टर व नर्स मरीजों की देखभाल का कार्य किया जाता है। परंतु रात्रि के अक्सर असमाजिक तत्वों का



आना जाना लगा रहता है, जो मरीज के साथ है यह दिखाकर शराब के नशे में अस्पताल में प्रवेश करते हैं और अनावश्यक बहस एवं अव्यवस्था फैलाते है जिनको देखने वाले दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे है और हम अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। समाज को रोगों से दूर करने वाले डाकटर व नर्स आज खुद असुरक्षित है। आखिर हम अपनी सुरक्षा के लिए कहाँ जाए? स्वास्थ कर्मचारियो ने शासन प्रशासन से निवेदन किया गया है कि संदर्भ में गंभीरता से विचार कर अस्पताल में सुरक्षा की व्यवस्था प्रदान की जाए।

## रानी मंदिर में सावन उत्सव पर भजन संध्या आयोजित

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन माह में प्रतिवर्ष अनुसार रानी मंदिर छुईखदान में 16 अगस्त 2024 शुक्रवार को भजन संध्या संपन्न हुआ। रानी मंदिर समिति संरक्षक लाल जे के वैष्णव ने बताया कि वृन्दावन धाम के परम्परा अनुसार प्राचीन काल के खंजेरी भजन का गायन जय महाकाली जस भजन मंडली के सदस्य राघव महोबिया,उदय देवांगन अमीलाल साहु पंडुप प्रेम चंद्राकर, पुजारी अनिल रानी मंदिर , संतोष महोबिया, अर्जुन कुंभकार ,राम कुंभकार,सतीश महोबिया , मदन निषाद ,राजेश नेताम ,बसंत कुंभकार ,लखन चन्द्राकार ,कलेश्वर वर्मा, मयंक तिवारी , जितेन्द्र किशोर वैष्णव, दिनेश मुकेश महोबिया , योगेश , सचिन महोबिया, पं. अरविन्द शर्मा, अतुल महोबिया,अजय महोबिया आदि रहे। भजन मंडली द्वारा छुईखदान के राधाकृष्ण बाई साहब मंदिर , राम मंदिर, कैलाश मंदिर , जगन्नाथ जमात मंदिर आदि सभी मंदिरों में जाकर सावन भजन कीर्तन किया जाता है।



# पांचवी अंतिम कावड़ यात्रा नारी शक्ति रक्षा बंधन को समर्पित









**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी जो पिछले चार सप्ताह से शिवभक्ति में डुबी हुई है । श्री बागेश्वर धाम मंदिर में भी भक्तों का मेला सावन माह में लगा हुआ है।नगर व नगर के बाहर अनेको स्थानों से कावड़ यात्रा श्रद्धालुओं द्वारा निकालकर श्री बागेश्वर धाम पहुंच कर जल अर्पण किया जा रहा है । स्वतंत्रता दिवस पर भी मंदिर को तिरंगो से सजाया गया था । श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा भी कावड़ यात्रा हमारे देश के लिए, भारतीय सेना, भारतीय खिलाडियों, मूक बधिर बच्चों के कल्याण हेतु निकाली जा चुकी है।इस सावन माह की अंतिम कावड़ यात्रा हेतु भी श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, भावेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, निकुंज सिंघल,सूरज गुप्ता, अनवरत रूप से तैयारी में लगे है, उन्होंने बताया कि पांचवी कावड़ यात्रा जो कि नारी शक्ति व रक्षाबंधन को समर्पित रहेगी। देश में नारी शक्ति हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ-साथ व उनसे आगे भी बढ़ कर कार्य व सेवा कर रही है विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से देश की सेवा कर भारत का नाम ऊंचा कर रही है । जो कि भारतीय नारियों की उत्कृष्ठ क्षमता को दर्शाता है । इसके अलावा रक्षाबंधन के दिन अंतिम सोमवार पड़ रहा है अत: भारतीय सेना के जवानों, सेना के प्रशिक्षु छात्रों को भी आंमत्रित किया गया है । जिन्हें रक्षा सूत्र बांधा जावेगा । अत: पांचवी वर्ष अंतिम कावड़ यात्रा में, श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व संस्था से जुड़े शिवभक्तों द्वारा समस्त संस्कारधानीवासियों के साथ साथ विशेषकर, नगर की हर क्षेत्रों से जुड़ी धार्मिक सामाजिक, शिक्षा, सेवा संस्थाओं महिला समूह, खेल शासकीय सेवारत, अधिवक्तागण, व अन्य छेत्रो से संलग्न महिलाओं, खिलाड़ी छात्राओं मातृशक्ति से अधिाकाधिक संख्या में, कावड़ यात्रा में प्रात: 5:30 बजे श्री बागेश्वर मंदिर या 7:00 बजे नंदई चौक पहुंचकर शामिल होने का आग्रह किया है । उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई ।

**अधिकाधिक महिलाशक्ति शामिल हो, जवानों को रक्षा सूत्र बांधा जायेगा**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com